>

Title: Need to declare Kaushambi district in Uttar Pradesh as a National Tourist Spot and provide necessary infrastructure for the tourists-Laid.

*m01

श्री शैलेन्द्र कुमार (कौशाम्बी): उत्तर प्रदेश के नवसृजित कौशाम्बी जनपद को देश का प्रमुख पर्यटक स्थल घोषित करते हुए तत्संबंधित सुविधाएं भारत सरकार प्रदान करे क्योंकि चन्द्रवंशीय राजा कुशम्ब के नाम से इसका नाम कौशाम्बी पड़ा था। यहां श्री राम का वनगमन विश्राम स्थली चरवा, कुरईघाट है। संदीपन गुरू का आश्रम व कृष्ण सुदामा की मैत्री स्थल संदीपन घाट है। वत्सराज उदयन व उज्जैन की राजकुमारी वासवादत्त की क्रीड़ा स्थली कौशाम्बी में ही है। गौतमबुद्ध एवं महावीर जैन की कर्म स्थली है। तीर्थकार पदम प्रभु की जन्मतप स्थली है। सम्राट अशोक का स्तम्भ, पूजा व साधना स्थल है। घोषिता राम विहार का भग्नावशेष है। चीनी यात्री हवेनसांग का गमन स्थल है। 1875 प्रथम स्वतंत्रता संग्राम के नायक मौलवी लियाकत अली की जन्मस्थली महगांव है, जिसका इतिहास अंडमान (पोर्ट ब्लेयर) मज़ार पर लिखित सरकारी गजट व सेलुलर जेल का इतिहास गवाह है। प्रकृति की मनोरम छटा बिखेरती हुई हजारों एकड़ में फैली अलवारा झील हे। राजा उदयन का किला है। ऐतिहासिक एवं धार्मिक नगरी कड़ा, सिरायू है। मुगल काल में सूबे के रूप में स्थापित कड़ा ख्वाजा कडक शाह का मजार है। संत मलूक दास एवं कड़कशाह की सिद्ध स्थली है। माँ शीतला धाम का प्रसिद्ध सिद्ध धार्मिक मंदिर है। जापान, तिब्बत, कोरिया, श्रीलंका, चीन, थाईलैंड आदि देशों के यात्रियों का प्रतिवर्ष आवागमन होता है।

मैं भारत सरकार से मांग करता हूं कि उपरोक्त ऐतिहासिक धरोहर को देखते हुए राष्ट्रीय पर्यटक स्थल घोषित करते हुए राष्ट्रीय मानचित्र में शामिल करते हुए सभी सुविधाएं मुहैया कराये।